हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 20 अगस्त 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

4
शिक्षा व्यवस्था बदहाल, टपकती छत के नीचे पढ़ने को मजबूर नौनिहाल



खबर संक्षेप

प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 4 परिवारों आर्थिक सहायता

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड-6 क्रमांक-4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदाओं एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि के मामलों में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी क्रम में कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 4 प्रकरणों में प्रभावित परिजनों के लिए कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। यह सहायता राशि शासन के नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को प्रदान की जाएगी।

जिले में 1 जून से अब तक 6480.5 मिमी वर्षा दर्ज

जशपुरनगर। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून से 19 अगस्त तक 6480.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसी अवधि में पिछले 10 वर्षों की औसत वर्षा 7340.8 मिमी रही है। जिले में अब तक सामान्य वर्षा का 88.3 प्रतिशत वर्षा हो चुकी है। बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 299.9 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। 01 जून से अब तक तहसील मनोरा में 992.2 मिमी, सन्ना में 791.2 मिमी, कुनकुरी में 891.0 मिमी, कांसाबेल में 698.7 मिमी, बगीचा में 615.0 मिमी, पत्थलगांव में 604.5 मिमी, जशपुर में 595.7 मिमी, दुलदुला में 565.7 मिमी, बागबहार में 383.1 मिमी एवं फरसाबहार में 343.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 992.2 मिमी हुई है, जो सामान्य से 140.9 प्रतिशत अधिक है।

जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीणों का आंदोलन शुरु

सरसींवा। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से लंबित विकास कार्यों और स्थानीय समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय के नेतृत्व में ग्रामीणों ने 17 अगस्त से बालपुर बाजार चौक, स्कूल के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। धरना स्थल पर ग्रामीणों के साथ युवा, महिलाएं और स्कूली विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में बैठे हैं। यह महज सड़क की मरम्मत का आंदोलन नहीं है, मांगपत्र के 14 बिंदु पढ़ने पर तस्वीर कुछ और बड़ी दिखाई देती है। सड़क से लेकर स्कूल तक, बिजली से लेकर अस्पताल तक, सिंचाई से लेकर पेयजल तक और पुल से लेकर प्रशासनिक भवन तक, ग्रामीणों ने उन तमाम बुनियादी सुविधाओं को सामने रख दिया है जिनका सीधा संबंध उनकी रोजमर्रा की जिंदगी से है। सबसे प्रमुख मांग सरसींवा, पेण्ड्रावन, सरधाभाठाद, बालपुरद, कोसीर पक्की सड़क मार्ग के निर्माण मरम्मत की है। क्षेत्र की जर्जर सड़कों को लेकर ग्रामीण लंबे समय से परेशान हैं।

सांई मंदिर से चांदी के मुकुट की चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

सक्ती। नगर के सांई मंदिर से चांदी के मुकुट चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया चांद का मुकुट किया गया है। इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती नगर के साई मंदिर में भगवान साई के चांदी के मुकुट की चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 500 ग्राम वजनी चांदी का मुकुट, जिसकी कीमत लगभग 95 हजार रुपये है, बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, प्रार्थी विजय बहादुर ने थाना सक्ती में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि साई मंदिर से भगवान साईं का मुकुट चोरी हो गया है और चोरी करने वाला व्यक्ति मौके से भागने का प्रयास कर रहा था। जांच के दौरान पुलिस ने सतीश दुबे पिता महेश दुबे, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम बिछुआ, थाना गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (मध्यप्रदेश) से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपने सहयोगी ननकी राम चौहान पिता लछन राम चौहान, उम्र 44 वर्ष, निवासी ग्राम खम्हार, चौकी जोबी, थाना खरसिया, जिला रायगढ़ के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

जांच में खुला बड़ा फर्जीवाड़ा, 141 क्विंटल चावल और नमक गायब

राशन के लिए हाहाकार: 3 महीने से चावल को तरस रहे ग्रामीण

ग्राम पंचायत करबिवरा में राशन वितरण प्रणाली पूरी तरह से चरमरा गई है। पिछले तीन महीनों से सैकड़ों ग्रामीण अपने हक के निवाले के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। मामले की शिकायत के बाद खाद्य विभाग द्वारा की गई जांच में बड़े पैमाने पर खाद्यान्न की हेराफेरी का मामला सामने आया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

बुधवार की सुबह से राशन की आस में भूखे-प्यासे बैठे ग्रामीणों का सब्र तब टूट गया, जब शाम तक उन्हें बिना राशन के ही खाली हाथ लौटना पड़ा, जिसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा।

शिकायत के आधार पर खाद्य निरीक्षक (फूड इंस्पेक्टर) अजय प्रधान, पत्थलगांव द्वारा 9 जुलाई को दोपहर 3:30 बजे कर्राबेवरा की शासकीय उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। तैयार किए गए पंचनामे के अनुसार, ई-पॉस मशीन के ऑनलाइन आंकड़ों और दुकान में मौजूद भौतिक स्टॉक में भारी अंतर पाया गया हैः ई-पॉस मशीन में ऑनलाइन शेष चावल 143.42 क्विंटल प्रदर्शित हो रहा था, जबकि मौके पर केवल 1.5 क्विंटल चावल ही भौतिक रूप से मौजूद मिला। भौतिक सत्यापन के दौरान 141.92 क्विंटल चावल और 8.64 क्विंटल नमक स्टॉक में कम (गायब) पाया गया है। इसके विपरीत, दुकान में 2.30 क्विंटल शक्कर और 5.48 क्विंटल चना ऑनलाइन रिकॉर्ड से अधिक पाया गया।

- डीडीसी को ग्रामीणों ने घेरा, कहा- काम नहीं तो वोट नहीं, खाद्य निरीक्षक ने संबंधितों को थमाया नोटिस





ग्रामीणों का फूटा गुस्साः हक नहीं दिला सकते, तो वोट मांगने मत आना

स्थिति बिगड़ते देख डीडीसी (DDC) सुरुचि पैंकरा मौके पर जायजा लेने पहुंचीं। डीडीसी ने मामले को शांत कराते हुए बयान दिया कि, आप लोगों को स्थिति को समझना चाहिए। खाद्यान्न (चावल) की पर्याप्त उपलब्धता है और नियमों के तहत सभी को राशन मिलेगा। अपनी बात प्रशासन के सामने शांति से रखें। हालांकि, डीडीसी द्वारा 'चावल पर्याप्त होने' की बात कहते ही 3 महीने से भूखी जनता उल्टा भड़क गई। ग्रामीणों ने सवाल दाग दिया कि अगर चावल है, तो उन्हें भूखा क्यों रखा गया? इसके बाद ग्रामीणों ने डीडीसी की घेराबंदी कर ली और जमकर खरी-खोटी सुनाई। ग्रामीणों ने सीधे तौर पर कहाः अगर ये चुने हुए जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार हमें हमारे हक का चावल भी नहीं दिलवा सकते, तो वोट क्यों लेने आते हो? जो नेता, सरपंच, सचिव व विक्रेता जनता का काम नहीं कर सकते, उन्हें वोट मांगने का भी अधिकार नहीं है, इन्हें तत्काल हटाया जाए।

एसडीएम बोले- जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पूर्व में भी इस पूरे मामले की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पत्थलगांव से की थी, लेकिन नतीजा सिफर रहा। अब मामले के तूल पकड़ने पर पत्थलगांव एसडीएम ऋतुराज बिसेन का आधिकारिक बयान सामने आया है। एसडीएम बिसेन ने बताया कि, ₹इस पूरे मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से ही मिली है। अभी तक खाद्य निरीक्षक की तरफ से जांच रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही उसके आधार पर जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सरपंच-सचिव का तर्कः ऑनलाइन एंट्री में गलती

पंचनामे के दौरान मौके पर पंचायत के सरपंच लोहरी राम नाग, सचिव लक्ष्मण साय और विक्रेता गंभीर साय उपस्थित थे। जब स्टॉक में इतनी भारी कमी के संबंध में सरपंच और सचिव से जवाब मांगा गया, तो उन्होंने बचाव करते हुए कहा कि पिछले अप्रैल, मई और जून 2026 में वितरण के समय 'ऑनलाइन एंट्री' में हुई त्रुटि के कारण यह अंतर आ रहा है। इसके साथ ही सरपंच और सचिव ने यह भी बताया कि हर महीने खाद्यान्न आवंटन कम होने के कारण कुछ लोगों को राशन नहीं मिल पाता है और उन्होंने स्वीकार किया कि जून महीने में भी कुछ लोगों को राशन का वितरण नहीं हो सका है।

खाद्य निरीक्षक का बयानः संबंधितों से मांगा गया जवाब

इस पूरे मामले और 141 क्विंटल चावल गायब होने पर खाद्य निरीक्षक अजय प्रधान ने बताया कि, ₹शिकायत के आधार पर जांच की गई है। पंचनामे में चावल व नमक की मात्रा में भारी कमी पाई गई है। इस गंभीर लापरवाही और खाद्यान्न की कमी को लेकर संबंधितों (सरपंच, सचिव और विक्रेता) को नोटिस जारी कर दिया गया है और उनसे जवाब मांगा गया है। जवाब के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सुबह से भूखे-प्यासे बैठे रहे ग्रामीण, डीडीसी का घेराव

पंचायत में जमीनी हकीकत यह है कि 150 ग्रामीणों को जून माह का चावल नहीं मिला है, जबकि जुलाई माह में 458 राशनकार्ड धारियों को राशन से वंचित रखा गया है और अगस्त का वितरण अब तक शुरू नहीं हुआ है। आज सुबह 7 बजे से ही सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और अन्य ग्रामीण खाद्यान्न लेने के लिए राशन दुकान पर पहुंच गए थे। ग्रामीण दिन भर इस आस में बैठे रहे कि उन्हें राशन मिलेगा, लेकिन शाम 4 बजे तक भूखे-प्यासे इंतजार करने के बाद भी उन्हें चावल नहीं मिला और सभी को बैरंग लौटना पड़ा।

पिकअप ने स्कूटी को मारी टक्कर, बैंक कर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



रायगढ़ मार्ग पर चिड़ूरापारा के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के कर्मचारी की मौत हो गई। हादसे के बाद एक बार फिर इस मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के चरखापारा स्थित ग्रामीण बैंक में कार्यालय सहायक के पद पर पदस्थ मंजेश कुमार सिंह बैंक की तिजोरी की चाबी ले जाना भूल गए थे। जिसके कारण वे बैंक से पत्थलगांव की ओर अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 1 बीएस 2104 से लौट रहे थे। इसी दौरान चिड़ूरापारा के पास पीछे से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 13 एएम 0379 ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। पिकअप चालक की पहचान शंकर कुजूर के रूप में बताई जा रही है। टक्कर के बाद स्कूटी सड़क किनारे जा गिरी। हादसे में मंजेश कुमार सिंह के सिर, हाथ सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पत्थलगांव पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पिकअप चालक को हिरासत में ले लिया है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस द्वारा घटना के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

विद्यार्थियों को रैली में शामिल करने के विरोध में कांग्रेस का ज्ञापन



जशपुरनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 16 अगस्त की शाम जशपुर में आयोजित रैली में छात्रावास के विद्यार्थियों को शामिल किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी जशपुर ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनमोहन भगत के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि छात्रावास में निवासरत विद्यार्थियों को किसी राजनीतिक दल के कार्यक्रम अथवा रैली में शामिल किया जाना गंभीर एवं आपत्तिजनक विषय है। छात्रावास के विद्यार्थियों को राजनीतिक गतिविधियों से दूर रखा जाना चाहिए। यदि विद्यार्थियों को छात्रावास अधीक्षक अथवा किसी अन्य अधिकारी-कर्मचारी के निर्देश, दबाव या सहमति से रैली में शामिल कराया गया है, तो इसकी निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। महामंत्री मनमोहन भगत ने कहा कि विद्यार्थियों का उपयोग किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम में किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

जिला प्रशासन का स्वच्छता पखवाड़ा एवं नशा मुक्ति अभियान

जशपुरनगर। जिले में माय भारत एवं जिला प्रशासन के समन्वय से स्वच्छता पखवाड़ा एवं नशामुक्ति अभियान का आयोजन माय भारत जशपुर द्वारा जिला प्रशासन जशपुर के समन्वय से 1 से 15 अगस्त तक जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

अभियान के दौरान युवाओं, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। साथ ही युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। अभियान के अंतर्गत बी.एल. हायर सेकेंडरी स्कूल, बंदरचुआ (कांसाबेल), रामकृष्ण आश्रम स्कूल, बगीचा में चित्रकला प्रतियोगिता, टपकरा हॉस्टल एवं टपकरा कॉलेज, परसाबहार, सैजेश, दुलदुला हाई स्कूल, मधुबन ग्राम पंचायत, पथलगांव सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता एवं जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रमों में माय भारत के स्वयंसेवकों एवं स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वच्छ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। अभियान के माध्यम से युवाओं को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।



धारदार हथियार लेकर डराने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

जांजगीर-चांपा। धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली से पुलिस टीम थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग हेतु रवाना किया गया था। दौरान पेट्रोलिंग पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि रमन नगर जांजगीर निवासी कृष्णा यादव उर्फ नानू यादव पिता राम चरण यादव उम्र 46 वर्ष द्वारा आने जाने वाले लोगों को डरा रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी जेपी गुप्ता के मार्गदर्शन में तत्काल टीम मौके की ओर रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा नहर पार रमन नगर के पास से एक व्यक्ति को पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम कृष्णा यादव निवासी रमन नगर जांजगीर बताय।

वित्तीय साक्षरता के प्रति किया गया जागरूक

जशपुरनगर। भारतीय स्टेट बैंक दुलदुला के मार्गदर्शन में ब्लॉक दुलदुला के ग्रामपंचायत सिरिमकेला के पटिया पानि में पंचायत , सरपंच एवं महिला बालविकास के बीपीएम जानकी लकड़ा और उद्यमी विकास के पीआरपी रूपमाला उनके साथ घर में काम करने वाले सभी सक्रिय महिलाएं उपस्थित थीं ।भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के जनरल फील्ड ऑफिसर साथ में बैंक सखी भी उपस्थित रहे, उनके समीप कार्यक्रम का आयोजित किया गया जिसमें सभी को वित्तीय साक्षरता के अंतर्गत बैंकिंग लेन देन संबंधी जानकारी दिया गया और बताया गया कि सावधानी ही सुरक्षा है।

- मनी वाइस आरोह फाउंडेशन दुलदुला की पहल



दुलदुला ब्लॉक के फाइनेंशियल काउंसलर रूपेश कुमार यादव ने बचत का महत्त्व, बचत परियोजनाएं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डिजिटल बैंकिंग लेन देन, अलग अलग फील्ड में पैसों का निवेश करना, ऑनलाइन ट्रांसफर, उपभोक्ता संरक्षण एवं शिकायत निवारण, और अपने हित का सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई जिसमे सभी लोग इस जानकारी को समझा।

श्री फलेश्वर नाथ मंदिर में चल रहा धार्मिक अनुष्ठान

53 हजार 993 पार्थिव शिवलिंग की पूजा, कौशल्या साय हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्रावण मास के पावन अवसर पर बगिया स्थित मैनी नदी तट के श्री फलेश्वर नाथ मंदिर में आयोजित 1 लाख 11 हजार 111 पार्थिव शिवलिंग पूजन महाअनुष्ठान के दूसरे दिन मंगलवार को करीब 53 हजार 993 पार्थिव शिवलिंगों का पूजन एवं अभिषेक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ।

इससे पहले प्रथम में 25 हजार पार्थिव शिवलिंग का पूजन संपन्न हुआ था ।मंगलवार की सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और पूरा क्षेत्र भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूंजता रहा। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर विधि-विधान से पूजन एवं अभिषेक किया। इसके पश्चात आरती और प्रसाद वितरण हुआ। बड़ी संख्या में शिव भक्तों की सहभागिता से मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। तीन दिवसीय इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान का सोमवार को शुभारंभ हुआ,इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने विधिवत यहां के फलेश्वर नाथ महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की।इस अनुष्ठान का बुधवार, 19 अगस्त को समापन हुआ। अंतिम दिन पार्थिव शिवलिंग पूजन के साथ विशेष पूर्णाहुति संपन्न की गई। इसके पश्चात भगवान भोलेनाथ की आरती एवं श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया।



भक्ति और आस्था से सराबोर रहा मंदिर परिसर

दूसरे दिन हुए विशाल पूजन एवं अभिषेक में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। मंत्रोच्चार, भगवान शिव के जयघोष और धार्मिक अनुष्ठानों से श्री फलेश्वर नाथ मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा।बुधवार को पूर्णाहुति के साथ 1 लाख 11 हजार 111 पार्थिव शिवलिंग पूजन के इस भव्य धार्मिक आयोजन का विधिवत समापन हुआ। आयोजन के माध्यम से भगवान भोलेनाथ से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई।

सुरेशपुर में सशिमं के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन



जशपुरनगर। सुरेशपुर में सरस्वती शिशु मंदिर के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन एवं झूला रथ समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।इस अवसर पर उन्होंने नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करते हुए शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिर की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षण संस्थान बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रभक्ति से जोड़ने का कार्य करते हैं।इस समारोह में मंडल अध्यक्ष हेमंत बंजारा, प्रदीप गुप्ता, नारायण यादव, चमर साय, धरनी धर सिदार, ढुबराज सिंह, सुखदेव सिदार, चांडक्य डांसेना, देव साय तिग्गा, अमर गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, समस्त शिक्षक एवं बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



अग्रवाल महिला मंडल के सावन उत्सव में हुए विविध कार्यक्रम

सूरजपुर। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा अग्रोहा भवन में सावन उत्सव का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन में सावन की उमंग, खुशियों और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक गेम्स, हाउजी एवं लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सावन सुंदरी प्रतियोगिता रही, जिसमें 3 वर्ष से अधिक विवाहित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सावन सुंदरी प्रतियोगिता में आयुषी तायल को सावन सुंदरी चुना गया। द्वितीय पुरस्कार चंचल गोयल को तथा तृतीय पुरस्कार सजल अग्रवाल को मिला। ग्रेसफुल सावन सुंदरी का पुरस्कार लहर मित्तल को प्रदान किया गया। चारू अग्रवाल एवं विधि पालीवाल को भी विशेष सम्मान से नवाजा गया। उत्सव में खाने-पीने के विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए थे, जिनका सभी ने खूब आनंद लिया। अध्यक्ष ममता अग्रवाल ने बताया कि सभी सदस्यों के सहयोग एवं आपसी सामंजस्य से सावन उत्सव का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज की महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने, अपनी प्रतिभा दिखाने और मिलजुल कर खुशियां मनाने का अवसर प्रदान करते हैं।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्येक सदस्य का योगदान महत्वपूर्ण रहा। सभी ने मिल-जुलकर जिम्मेदारियां निभाईं और पूरे आयोजन को यादगार बनाया। सावन उत्सव ने महिला एकता, आपसी प्रेम, सौहार्द और मिल-जुलकर उत्सव मनाने की भावना की सुंदर मिसाल प्रस्तुत की। इस दौरान ममता अग्रवाल, सीमा गर्ग, रिंकी अग्रवाल, लता गोयल, सुमन गोयल, पूजा अग्रवाल, आशा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, काजल अग्रवाल, मीना गोयल, मंजू गोयल, विजय गर्ग, गीता अग्रवाल, रेखा गोयल, कुसुम अग्रवाल, नीता गोयल, उषा अग्रवाल, पिंकी केजरीवाल एवं विधि व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

सतपता में विवाहिता ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात

बिश्रामपुर। ग्राम सतपता के यादवपारा में सोमवार की शाम एक 22 वर्षीय एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों से अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त घर में उसका एक वर्षीय दूधमुंहा बच्चा ही मौजूद था, जबकि उसका पति काम में गया हुआ था। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम सतपता यादवपारा निवासी 22 वर्षीय जीरवंती यादव पति उगेश यादव ने सोमवार को अपने घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली है। घटना की सूचना मिलते ही बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को फंदे से उतरवाया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए शव का पंचनामा तैयार करा पीएम कराया। विवाहिता ने आखिर किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, फिलहाल इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। घटना को लेकर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

लापता ग्रामीण का रेड़िया नदी में मिला शव परिजन ने लगाया हत्या करने का आरोप

बिहारपुर। बलियरी जंगल में रेड़िया नदी के किनारे झोपड़ी बनाकर रह रहे ग्रामीण को बहते देख ग्रामीणों ने बाहर निकाला। मृतक के परिजन ने उसकी हत्या करने के बाद उसे नदी में फेंकने का आरोप लगाया है।ग्राम कछवारी निवासी रामकुमार पण्डो (40वर्ष) बलियरी जंगल में रेड़िया नदी के किनारे झोपड़ी बनाकर अकेले रह रहा था तथा मंगलवार को सुबह से ही लापता था। दोपहर में नदी किनारे मवेशियों को चरा रही एक महिला ने नदी में शव बहते देखा तो शोर मचाया। महिला का शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकाला तथा मोहरसोप पुलिस को सूचना दी। पुलिस अमले ने ग्रामीणों से पूछताछ एवं पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पीएम के लिए बिहारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। इधर मृतक के परिजन ने उसकी हत्या करने के बाद नदी में फेंकने का आरोप लगाया है। परिजन का कहना है कि मृतक के गले में सूजन है वहीं आंख के पास चोट के निशान हैं। उसके साथ गंभीर मारपीट की गई है। मंगलवार को देर शाम होने के कारण पीएम नहीं हो सका है।

बीच-बचाव करने आए कर्मचारी का मोबाइल तोड़ने का भी आरोप

लाइफलाइन शिविर में प्लेसमेंट कर्मचारी और अफसर के बीच मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/बिश्रामपुर



विरोध प्रदर्शन करते नाराज कर्मचारी, इनसेट में टूटा मोबाइल दिखाते कर्मचारी।

खास बात

- कार्रवाई नहीं होने पर काम बंद करने की चेतावनी

रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर के प्लेटफार्म नंबर-2 पर संचालित लाइफलाइन चिकित्सा शिविर में मंगलवार को विवाद हो गया। नगर पंचायत बिश्रामपुर के प्लेसमेंट कर्मचारी ने अपर कलेक्टर एवं शिविर के नोडल अधिकारी जगन्नाथ वर्मा पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। वहीं, बीच-बचाव करने आए एक अन्य कर्मचारी का मोबाइल क्षतिग्रस्त करने का भी आरोप है। घटना से नाराज नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी बड़ी संख्या में बिश्रामपुर थाना पहुंचे और लिखित शिकायत देकर जांच व कार्रवाई की मांग की।

प्लेसमेंट कर्मचारी सुपरवाइजर एवं शिकायतकर्ता आकाश सिन्हा के अनुसार दो दिन पहले रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-2 पर लाइफलाइन चिकित्सा शिविर शुरू हुआ है। नगर पंचायत के कर्मचारी प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी शिविर में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने पहुंचे थे। भारी बारिश के कारण शिविर तक पहुंचने वाली सड़क पर कीचड़, गड्ढे और जगह-जगह पानी जमा था। आरोप है कि निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी जगन्नाथ वर्मा की नजर सड़क की बदहाल स्थिति पर पड़ी और उन्होंने कर्मचारियों से व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

इसी दौरान सड़क की व्यवस्था सुधारने को लेकर बातचीत हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। आकाश सिन्हा का आरोप है कि अपर कलेक्टर नाराज हो गए और उनके साथ मारपीट की। उनका कहना है कि उन्हें घसीटकर जबरन वाहन में बैठाने का प्रयास भी किया गया। घटना के दौरान प्लेसमेंट कर्मचारी रितेश ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। आरोप है कि इसी दौरान मोबाइल छीनकर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। सभी कर्मचारी एकजुट होकर बिश्रामपुर थाना पहुंचे और लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की जांच तथा संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

कार्रवाई नहीं होने पर काम बंद करने की चेतावनी

प्लेसमेंट कर्मचारी अपने सुपरवाइजर के साथ कथित मारपीट और मोबाइल क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई तो बुधवार से लाइफलाइन शिविर में काम बंद कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य सेवा से जुड़े महत्वपूर्ण शिविर में कर्मचारियों के इस निर्णय से व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। मामले में अब पुलिस जांच के बाद सामने आने वाले तथ्यों पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

पहले भी लग चुके हैं आरोप

आकाश सिन्हा की शिकायत में लगाए गए आरोपों के अलावा वर्तमान अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा पर पूर्व में भी आरोप लग चुके हैं।

आरोप निराधार

कर्मचारियों द्वारा लगाए गए मारपीट के आरोप पूरी तरह गलत और निराधार हैं। शिविर में कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों का उचित तरीके से निर्वहन करने के लिए कहा गया था। किसी भी कर्मचारी के साथ मारपीट नहीं की गई है।

— **जगन्नाथ वर्मा,**
अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी

शिकायत प्राप्त हुई है

आकाश सिन्हा की ओर से मारपीट के संबंध में शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

— **रूपेश कुंतल एक्का,**
थाना प्रभारी, बिश्रामपुर



कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

सावन मास के पावन अवसर पर आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा के शुभारंभ से पहले कनहर नदी के पावन तट पर स्थित प्राचीन राम मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बारिश के बीच महिलाएं सिर पर कलश धारण कर यात्रा में शामिल हुईं।

कनहर नदी से विधिवत जल उठाने के बाद कलश यात्रा नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा का नगर के विभिन्न मार्गों में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने आयोजन को भव्य रूप दे दिया। कलश यात्रा के दौरान नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। शिव महापुराण कथा का आयोजन काका लरंगसाय टाउन हॉल में राम मंदिर एवं मां महामाया मंदिर के समीप किया जा रहा है। कथा का आयोजन 18 से 24 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। कथा व्यास श्री धाम वृंदावन के पं. कुंजबिहारी महाराज हैं। सात दिनों तक चलने वाली कथा में भगवान शिव की महिमा, शिव भक्ति तथा विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। सावन मास में आयोजित इस धार्मिक आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। आयोजकों ने बताया कि कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा के साथ सनातन परंपराओं और आध्यात्मिक संदेशों से परिचित कराया जाएगा। कलश यात्रा में नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल, सुभाष जायसवाल, टीआर शर्मा, एसपी निगम, मधु गुप्ता, अजय केसरी, अजीत गुप्ता,सुमित गुप्ता, सुरेश पुरी, अर्जुन दास, रूपवती अशोक जायसवाल सहित हजारों श्रद्धालु भी बारिश में भीगते हुए कलश यात्रा में शामिल हुए।

रेल टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त बस संचालक गिरफ्तार

बिश्रामपुर। रेलवे आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ पोस्ट अम्बिकापुर में 17 अगस्त को समन के आधार पर उपस्थित हुए बस चालक रवि शंकर पटेल से पूछताछ के बाद उसे रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत गिरफ्तार कर प्रकरण में संलग्न किया गया। आरपीएफ के अनुसार रवि शंकर पटेल 38 वर्ष निवासी ग्राम डाडकारवां, थाना चंदोरा, जिला सूरजपुर, अम्बिकापुर की सांई बाबा बस सर्विस में चालक के रूप में कार्यरत है। पूछताछ में उसने बताया कि पिछले करीब 8-9 महीने से वह बैकुंठपुर से दिए गए रेलवे आरक्षित टिकटों को बस क्रमांक यूपी-65-जेटी 5673 के माध्यम से बनारस में संजय विश्वकर्मा तक पहुंचाता था। इसके बदले उसे प्रत्येक लिफाफे के लिए 200 रुपये कमीशन मिलता था। पूछताछ के दौरान आरपीएफ अधिकारियों ने उसे आरोपी संजय कुमार विश्वकर्मा एवं अविनाश कुमार की तस्वीरें दिखाईं, जिन्हें रवि शंकर पटेल ने पहचान लिया। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसे जानकारी थी कि दोनों आरोपियों द्वारा रेलवे आरक्षित टिकटों का अवैध कारोबार किया जा रहा है। इसके बावजूद कमीशन के लालच में वह बैकुंठपुर से बनारस तक टिकट पहुंचाकर उनके कथित अवैध कारोबार में सहयोग करता रहा। आरपीएफ के मुताबिक पूछताछ के दौरान रवि शंकर पटेल को उसके कृत्य से अवगत कराया गया, जिसके बाद उसने अपना अपराध स्वीकार किया। उसके बयान एवं पूछताछ के आधार पर उसे अपराध क्रमांक 787/26, दिनांक 16 अगस्त 2026, धारा 143 रेल अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर मामले में संबद्ध किया गया है। आरपीएफ द्वारा मामले में टिकटों के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।



गांजा लेकर बेचने जा रहे बाइक सवार को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक



नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे धर पकड़ के दौरान कोतवाल पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस ने गांजा लेकर आज रहे बाइक सवार युवक को पकड़ ढाई लाख कीमत के 4 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया है।

- पुलिस ने आरोपी के पास से ढाई लाख कीमत के 4.9 किला गांजा किया जब्त

क्षेत्र में गश्त कर रहे कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि केतका की ओर से एक बाइक सवार बड़ी मात्रा में गांजा लेकर बिक्री करने सपकरा की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम पोड़ी में घेराबंदी कर सूरजपुर क्षेत्र के साहूपारा निवासी अतिउल्ला खान आ.स्व. नबीउलाह खान (31 वर्ष) को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से ढाई लाख कीमत की 4 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा व बाइक को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सूरजपुर अलरिक लकड़ा, एसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, सउनि मनोज पोर्ते, प्रधान आरक्षक हितेश्वर राजवाड़े, आरक्षक जितेन्द्र पटेल एवं रविराज पाण्डेय सक्रिय रहे।

देवगढ़ धाम में तीन सावन सोमवार को महारुद्राभिषेक व विशाल भंडारा



बिश्रामपुर। श्रावण मास के अवसर पर जमदग्नि ऋषि की तपोभूमि देवगढ़ धाम स्थित अर्धनारीश्वर शिवलिंग में लगातार तीन सावन सोमवार को विशेष पूजा-अर्चना, महारुद्राभिषेक एवं सहस्त्रार्चन का आयोजन किया गया। राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य सुभाष गोयल एवं उनके अनुज समाजसेवी विजय गोयल द्वारा श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ भगवान भोलेनाथ का गन्ने के रस, सरसों तेल एवं गंगाजल से महारुद्राभिषेक किया गया। इस दौरान लाखों की संख्या में बेलपत्र, समीपत्र, पुष्प, काली तिल, जौ, मूंग दाल, अखंड अक्षत सहित विभिन्न पूजन सामग्रियों से भगवान अर्धनारीश्वर का सहस्त्रार्चन किया गया। पूजा अर्चना पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। देवगढ़ धाम में भक्तिमय वातावरण के बीच भगवान भोलेनाथ के जयकारे गूंजते रहे। सुभाष गोयल ने श्रद्धालुओं से 24 अगस्त को होने वाले आयोजन में भी बढ़-चढ़कर शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने भगवान अर्धनारीश्वर के दर्शन एवं पूजन के साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से देवगढ़ धाम पहुंचने की अपील की।आयोजन को सफल बनाने में मोहन लाल अग्रवाल, पूर्व जनपद सदस्य पवन अग्रवाल, रामेन्द्र सिंह, अंशुल गोयल, विवेक गोयल, अतुल मित्तल, पार्षद बृजेन्द्र सिंह, पार्षद दीपमाला सोनी, लखन सोनी, मोनी बाबा, श्रीराम पांडेय, सुरेश पांडेय, गौरव गोयल, शानू सिंह, नीरज गोयल सहित अन्य सक्रिय रहे।

सीजी 15 गाड़ियों को टोल प्लाजा से मुक्त रखा जाए : राकेश

डांड़गांव। कलेक्टर अजीत वसंत को प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महासचिव राकेश सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों सदस्यों ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंप हैं। तथा शीघ्र पहल की मांग कि है दो प्रमुख मांग जिले एवं शहर के जनता से जुड़ी मांग है। जिसमे प्रमुख रूप से अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे मार्ग 130 लहपटरा टोल प्लाजा को सीजी 15 नंबर के निजी वाहनों को तत्काल टोल टैक्स से मुक्त रखा जाए। आस पास के वाहनों को अपने निजी काम या शासकीय कर्मचारियों को भी काम से आना जाना एक दिन में कई बार एवं महीनों में अनेकों बार पड़ता है जिससे आम लोग अनावश्यक खर्च बढ़ने से लोग परेशान हैं। ऐसे में आए दिन कई बार विवाद की स्थिति बनती है। प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव राकेश सिंह ने कहा है कि आम जनता टोल टैक्स को लेकर परेशान हैं लोकल गाड़ियों को टोल टैक्स न लिया जाए तथा नजूल भूमि नवीनीकरण का समय जिनका हो गया है।

कांग्रेस कार्यकर्ता को जबरन शामिल कर लिया गया भाजपा अजा मोर्चा में

अंबिकापुर। जिला कांग्रेस कमेटी के एक सक्रिय कार्यकर्ता और उप सरपंच को उनकी मर्जी के बिना भाजपा में शामिल करने का आरोप लगा है। कांग्रेस ने मंगलवार को राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान आरोप लगाया कि रवि नायक को भारतीय जनता पार्टी ने बिना भाजपा प्रवेश के अपने अनुसूचित जाति मोर्चा में शामिल कर लिया है। रवि नायक वर्तमान में ग्राम करजी से कांग्रेस समर्थित उपसरपंच है। पूर्व में वो ग्राम करजी के युवा मितान क्लब के कोषाध्यक्ष रहा था।



रवि नायक लुंड्रा विधानसभा के करजी बूथ क्रमांक 169 में बूथ लेवल कार्यकर्ता उपस्थित है। उन्होंने बताया कि रवि नायक ने भाजपा को लिखित रूप से अपना आपत्ति दर्ज करा दिया है लेकिन भाजपा ने अपनी भूल सुधार की सूचना जारी नहीं किया। रविशंकर नायक जो कि ग्राम करजी के निवासी हैं को अचानक एक दिन अचानक सोसल मीडिया से सूचना मिला कि वो अब भाजपा के दरिमा मंडल में अनुसूचित जाति मोर्चा में मंत्री बन गया है। इस जानकारी पर वो अवाक रह गया, इस विषय में उसने लिखित रूप से अपनी आपत्ति भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र रवि के साथ दरिमा मंडल अध्यक्ष को भी दी। इस आपत्ति के उपरांत भाजपा ने सोसल मीडिया से सूची तो हटा दी लेकिन इस गड़बड़ी को दूर करने की कोई सूचना सार्वजनिक नहीं किया। पीढ़ियों से कांग्रेस से जुड़े रविशंकर नायक इस बात से परेशान हो लगातार अपने स्तर पर भाजपा के भूल सुधार के लिए भाजपा के सभी छोटे बड़े नेताओं यहाँ तक कि भाजपा जिलाध्यक्ष से भी उसने इस गड़बड़ी की दरख्वास्त की लेकिन सुनवाई नहीं होने पर उसने आज कांग्रेस मीडिया सेल प्रभारी अनूप मेहता के साथ राजीव भवन में एक प्रेसवार्ता कर इस पूरे वाकये को मीडिया के साथ शेयर किया।

कार्यालय, सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-जशपुर (छ.ग.)

आम सूचना

सर्व सामान्य आम जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-जशपुर द्वारा दीनदयाल आवास पत्थलगांव, जिला-जशपुर में निर्मित भवन क्रमांक LIG-97 का आबंटन स्व-वित्तीय आधार पर आबंटन आदेश क्रमांक 3114 दिनांक 22.08.2017 के तहत श्री परमानंद शर्मा पिता श्री कमलेश प्रसाद शर्मा के नाम से आबंटित है।

आबंटिती श्री-परमानंद शर्मा द्वारा भू-खण्ड/भवन को फ्री होल्ड कराने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था को नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में आवेदन प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

दिनांक : 30/01/2026
सम्पदा अधिकारी

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने किया जिला न्यायालय के नवीन भवन के निर्माण का वर्चुअल भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




मंगलवार को उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों के साथ जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में नए जिला न्यायालय भवन के निर्माण का वर्चुअल भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के दौरान चीफ जस्टिस श्री सिन्हा के साथ जस्टिस पीपी साहू एवं जस्टिस राधा किशन अग्रवाल उपस्थित थे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति राजपूत ने न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों, आईजी दीपक झा, कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल एवं अधिवक्ताओं की उपस्थिति में विधि-विधान से पूजा कर नवीन जिला न्यायालय भवन निर्माण का भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने फावड़ा चलाकर भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की। इस दौरान अधिवक्ता अनिल सोनी, केके सिन्हा, जनार्दन त्रिपाठी, संतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे। मालूम हो कि लम्बे समय से जिला न्यायालय के नवीन भवन के निर्माण की मांग की जा रही थी। भवन निर्माण के लिए प्रशासन द्वारा चठिरमा में भूमि आवंटित किया गया था। दूरस्थ क्षेत्र में जिला एवं सत्र न्यायालय का भवन बनने से दूरस्थ क्षेत्र के पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं को होने वाली परेशानी को देखते हुए अधिवक्ता लगातार विरोध कर रहे थे। लम्बे विरोध के बाद उच्च न्यायालय द्वारा आवश्यकता के अनुरूप भूमि उपलब्ध होने पर नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई।

स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा न्यायालय परिसर से सटी नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाकर भूमि उपलब्ध कराया गया। अधिवक्ता संघ द्वारा इसके लिए संघर्ष समिति का भी गठन किया गया था। लम्बे इंतजार के बाद मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायालय के नए भवन का चीफ जस्टिस श्री सिन्हा द्वारा वर्चुअल भूमि पूजन पर अधिवक्ताओं ने खुशी जताई।







क्लीन अप कंपनी का ट्रेलर रिलीज दिखा क्राइम करने का नया तरीका

मुंबई। इन दिनों रवि किशन बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी की दुनिया तक में छाए हुए हैं। मंगलवार को अभिनेता की आगामी सीरीज 'क्लीन अप कंपनी'का ट्रेलर रिलीज हुआ। अगर किसी लाश को ठिकाने लगाना ही एक नया बिजनेस शुरू करने का मौका बन जाए तो क्या होगा? इसी कहानी की झलक सीरीज 'क्लीन अप कंपनी'के ट्रेलर में दिखी। इसमें रवि किशन के अलावा कई चर्चित कलाकार भी नजर आ रहे हैं। सीरीज 'क्लीन अप कंपनी'के ट्रेलर में राजू, स्वपन और गोल्डी तीन दोस्त हैं, जिन्हें मजबूरी में एक गैंगस्टर के लिए लाशें ठिकाने लगाने का काम मिलता है। इस मुश्किल से बचने के लिए तीनों दोस्त अपनी खुद की क्लीन-अप कंपनी शुरू कर देते हैं।

लाइफ Style

हर्षिता

इंजीनियरिंग छोड़ चुनी ग्लैमर की दुनिया

जब 'मिर्जापुर: द मूवी' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हुआ तो पूर्वांचल की गद्दी को लेकर छिड़ी जंग के बीच दर्शकों की निगाहें एक बार फिर उस शांत, लेकिन मजबूत चेहरे पर जा टिकीं, जिसने गोलियों की तड़तड़ाहट के बीच भी अपनी एक अलग छाप छोड़ी है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हम बात कर रहे हैं गुड्डू पंडित की बहन 'डिम्पी पंडित' की। सिनेमाघरों में बड़े पर्दे पर पहली बार उतरे रही इस फ्रैंचाइजी में जहां कालीन भैया, गुड्डू और मुन्ना भैया के बीच वर्चस्व की लड़ाई नए मुकाम पर पहुंचेगी, वहीं डिम्पी का किरदार भी कहानी के केंद्र में नजर आएगा। लेकिन, इस सादगी भरे किरदार को पर्दे पर जीवंत करने वाली अभिनेत्री हर्षिता गौर की वास्तविक जिंदगी किसी फिल्मी पटकथा से कम दिलचस्प नहीं है। दिल्ली के एक प्रतिष्ठित संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में बीटेक की पढ़ाई पूरी करने वाली हर्षिता गौर पढ़ाई-लिखाई में हमेशा अव्वल रहीं। वे एक स्कॉलरशिप होल्डर छात्रा थीं, जिनके सामने कॉर्पोरेट जगत के कई रास्ते खुले थे। हालांकि, उनकी किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। तकनीक और सर्किट बोर्ड्स की दुनिया से निकलकर उन्होंने अपनी रचनात्मकता को उड़ान देने का फैसला किया। उन्होंने विज्ञापन जगत से अपने सफर का आगाज किया और जल्द ही डाबर वाटिका, सनसिल्क और रेनॉल्ट जैसे देश के अग्रणी ब्रांड्स का चेहरा बन गईं। कैमरे के सामने उनकी सहजता ने निर्देशकों का ध्यान खींचा, जिसके बाद 2013 में आए यूथ शो 'सड्डा हक' में मुख्य भूमिका निभाकर उन्होंने अभिनय की दुनिया में अपना पहला कदम मजबूती से रखा।



हॉलीवुड मसाला



द बीटल्स बायोपिक की शूटिंग शुरू

लॉस एंजिल्स। द बीटल्स बायोपिक फिल्म के स्टार्स पॉल मेस्कल, जोसफ क्विन, बैरी कोगन और हैरिस डिकिंसन को लंदन के मशहूर एबी रोड पर शूटिंग करते हुए देखा गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सभी कलाकार फिल्म के लिए बीटल्स के आइकॉनिक एल्बम कवर को रीक्रिएट करते नजर आए। खास बात यह है कि बीटल्स की कहानी सिर्फ एक फिल्म में नहीं, बल्कि चार अलग-अलग फिल्मों में दिखाई जाएगी। हर फिल्म बैंड के एक सदस्य की नजर से उसकी कहानी दिखाएगी।



नियू लाई को कहा सबसे घटिया फिल्म, निकली ब्लॉकबस्टर

लॉस एंजिल्स। चीन के बॉक्स ऑफिस पर कुछ ऐसा हुआ है, जिसने सबको हैरान कर दिया। एक चाइनीज एनिमेशन फिल्म है 'नियू लाई', जिसमें घटिया एनिमेशन और अजीब स्टोरीलाइन की बीते दिनों खूब आलोचना हुई। इतनी कि इस फिल्म का डिजास्टर होना तय माना जा रहा था। लेकिन, दंग करने वाली बात यह है कि ये नेगेटिव बातें, फिल्म के लिए जीवदान साबित हुई हैं। अब हालात ये हैं कि महज ₹1 लाख में, दो लोगों की बनाई इस फिल्म ने चीन के बॉक्स ऑफिस पर 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' और 'द ओडिसी' को कमाई के मामले में टक्कर दे रही है। यकीनन, आप भी यह जानकर चौंक गए होंगे! 'नियू लाई' का मतलब होता है 'गाय आ गई', इस फिल्म को शिन युमेंग ने डायरेक्ट किया है और सुन लिफांग ने इसकी कहानी लिखी है।



गुड्डू- बबलू की लव लाइफ की मिली झलक

मुंबई। फिल्म मिर्जापुरः द मूवी का गाना वारूं फॉरएवर मेकर्स ने मंगलवार को रिलीज कर दिया है। फिल्म के इस गाने को फ्रैंचाइजी की पहली किश्त से ही काफी पसंद किया जा रहा था। मगर अब इस पुरानी धुन को ही नए तरीके से पेश किया गया है। यह गाना 2020 में रिलीज हुई मिर्जापुर सीरीज में भी इश्क का एहसास दिया है। यह गाना काफी पॉपुलर हुआ था। 'वारुं फॉरएवर'को सिंगर रोमी और श्रेया घोषाल ने मिलकर गाया है। म्यूजिक आनंद भास्कर ने कंपोज किया है और लिरिक्स गिन्नी दीवान ने लिखे हैं। गानें मे अली फजल और श्रेया पिलगांवकर काफी रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। वह गलियों में घूम रहे हैं। फिल्म मिर्जापुर 4 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की कास्ट में पंकज त्रिपाठी, दिव्येंदु, अली फजल, जितेंद्र कुमार, रवि किशन आदि शामिल है।



सिग्मा की नई रिलीज डेट का ऐलान...

नई दिल्ली। सीएम विजय के बेटे जेसन संजय की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म 'सिग्मा' की नई रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। मेकर्स ने मंगलवार को नई रिलीज डेट का ऐलान किया; इससे पहले फिल्म 31 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन उसे टाल दिया गया था। जेसन संजय, एक्टर से मुख्यमंत्री बने विजय के बेटे हैं और 'सिग्मा' डायरेक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म है। फिल्म की रिलीज डेट बताते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, '2 अक्टूबर को होने वाली इस डकैती) के लिए तारीख नोट कर लें। सिग्मा बड़े पर्दे पर धूम मचाने के लिए तैयार है'। यानी सिग्मा अब गांधी जयंती पर रिलीज होगी। फिल्म 'जान नायकन' की रिलीज डेट बदलने के कारण 'सिग्मा' की रिलीज को आगे बढ़ाया गया था; 'जन नायकन' 23 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

टीवी मसाला



बॉक्सर लवलीना ने सुनाया बिग बी को बचपन का मजेदार किस्सा

नई दिल्ली। शो 'केबीसी 18' के एक खास एपिसोड में अमिताभ बच्चन के साथ लवलीना बोरगोहेन, झंडू कुमार और शर्मिला धनकर ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की। बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने तो अमिताभ बच्चन के साथ बचपन का किस्सा भी साझा किया, उनके साथ अपना कद नापा और बॉक्सिंग मैच भी खेला। 'केबीसी 18' के प्रोमो में बॉक्सर लवलीना कहती हैं, 'सर बचपन में मुझे स्कूल जाना पसंद नहीं था तो मां ने कहा कि बॉक्सिंग में जाना होगा। स्कूल से बचने के लिए मैंने बॉक्सिंग को चुना। देखिए, आज बॉक्सिंग की वजह से 'केबीसी 18' में आ गई। बता दें कि बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिलाओं की 75 किग्रा कैटेगरी में रजत पदक अपने नाम किया था। आगे एक 'केबीसी 18' के एक वीडियो में बॉक्सर लवलीना और अमिताभ बच्चन कद नापने के लिए खड़े होते हैं। लवलीना कद में बिग बी के बराबर ही निकलीं। इस पर अमिताभ बोले, 'आप कद में हमसे बड़ी हैं।' यह सुनकर लवलीना हंस पड़ीं। इसी तरह लवलीना ने अमिताभ बच्चन के साथ एक फ्रेंडली बॉक्सिंग मैच भी खेला। इस मैच का बिग बी ने खूब आनंद लिया। क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का यह 18वां सीजन है। इसका प्रीमियर 10 अगस्त से शुरू हो चुका है। शो हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे प्रसारित किया जाता है। इस बार शो की थीम 'सोचना पड़ेगा' है। प्रतियोगियों को अपने व्यावहारिक ज्ञान की शक्ति का इस्तेमाल इस बार शो में करना होगा।

एकता बड़े परदे पर लाएंगी नागिन की कहानी

नई दिल्ली। टीवी क्वीन एकता कपूर के सास-बहू वाले सीरियल खूब हिट रहे हैं। मगर, टीआरपी के मामले में इससे भी एक कदम रही उनकी 'नागिन' फ्रैंजाइजी। 'नागिन' टीवी शो की शुरुआत साल 2015 में हुई और अब तक इसके सात सीजन आ चुके हैं। लोकप्रियता को देखते हुए एकता कपूर ने अब इसे एक कदम आगे ले जाने का फैसला लिया है। टीवी जगत में 11 साल तक दबदबा बनाए रखने के बाद 'नागरानियां' अब छोटे पर्दे की दुनिया से आगे की तरफ बढ़ेंगी। बीते दिन नाग पंचमी के अवसर पर खुद एकता कपूर ने यह ऐलान किया। अभिनेत्री ने संकेत दिया है कि वे कुछ बड़ा धमाका करने वाली हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि शायद एकता कपूर अब 'नागिन' फ्रैंचाइजी पर कोई फिल्म लेकर आ सकती हैं। एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने फैंस को नाग पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'कुछ दिलचस्प आने वाला है'।



क्रांति की मशाल लेकर निकले आजादी के दीवाने द रिवोल्यूशनरीज के किरदारों से उठा परदा

मुंबई। देश की आजादी से पहले 1857 की क्रांति के दौर पर एक वेब सीरीज आ रही है। 'द रिवोल्यूशनरीज' की इस पीरियड एक्शन सीरीज को लेकर काफी चर्चा हैं। निखिल आडवाणी निर्देशित सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। मंगलवार को इसके किरदारों से परदा उठा है। द रिवोल्यूशनरीज में भुवन बाम, गुरफतेह सिंह और प्रतिभा रांटा अहम भूमिकाओं में हैं। 'द रिवोल्यूशनरीज' सीरीज में भुवन बाम को स्वतंत्रता सेनानी रासबिहारी बोस की भूमिका में देखा जाएगा। उनके किरदार की झलक साझा करते हुए लिखा है, 'योजना बनाई, विश्वास किया, गर्व के साथ नेतृत्व किया। मिलिए रास बिहारी बोस से'। वीडियो में आजादी-आजादी की पुकार सुनाई दे रही है। इसके साथ कहा जा रहा है, 'अंग्रेजी हुकूमत को ललकारा। खौफ को सामने से पुकारा। चुनौतियों को हंसकर स्वीकारा। गदर मचाने सबसे आगे। सरफिरे 'द रिवोल्यूशनरीज'। फिल्म 'लापता लेडीज' फेम एक्ट्रेस प्रतिभा रांटा इस सीरीज में प्रतिभा लाहिड़ी के रोल में नजर आएंगी। वे निडर क्रांतिकारी बनी दिखी हैं। अंग्रेजों की हुकूमत से आजादी के लिए हाथों में बंदूक थामे




उनका किरदार दमदार है। गुरफतेह सिंह पीरजादा को सीरीज में क्रांतिकारी यतीन्द्रनाथ मुखर्जी की भूमिका में देखा जाएगा, जो अपने साथियों के बीच बाघा जतिन के नाम से लोकप्रिय थे। अभिनेता रोहित सराफ भी इस सीरीज का हिस्सा हैं और वे महान स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी सचिंद्र नाथ सान्याल का किरदार प्ले करेंगे। बता दें कि सीरीज 'द रिवोल्यूशनरीज' 11 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

इस किताब पर आधारित है सीरीज

द रिवोल्यूशनरीज संजीव सान्याल की किताब 'रिवोल्यूशनरीजः द अदर स्टोरी ऑफ हाउ इंडिया वन इट्स फ्रीडम'पर आधारित है। इस सीरीज की कहानी उन बहादुर युवा भारतीय क्रांतिकारियों की है जो ब्रिटिश राज को खत्म करने के लिए सशस्त्र संघर्ष को जरूरी मानते थे। 'द रेवोल्यूशनरी' उनके जीवन, बलिदान और देश के प्रति उनके समर्पण को दिखाती है।

इमरान की पत्नी परवीन ने मनाया आवारापन 2 की सफलता का जश्न

मुंबई। 'आवारापन 2' की सफलता के बीच इमरान हाशमी की पत्नी परवीन ने सोशल मीडिया पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की है। इसी के साथ परवीन ने पति इमरान हाशमी के 23 साल के संघर्ष और समर्पण के बारे में भी खुलकर बात की। इमरान हाशमी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'आवारापन 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और चार दिन में ही इस फिल्म ने देशभर में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 'आवारापन 2' 109.02 करोड़ की कमाई कर चुकी है और दुनियाभर में 130 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। ये सफलता इमरान हाशमी के लिए काफी अहम है, क्योंकि 2008 में रिलीज हुई 'जन्नत' के बाद ये उनकी पहली सोलो हिट है। इस सफलता के लिए इमरान हाशमी ने सालों का इंतजार किया है और अब उनकी पत्नी परवीन ने एक लंबे-चौड़े पोस्ट के जरिए उनके सब्र और समर्पण के बारे में बात की है। परवीन ने इमरान हाशमी के 23 साल के करियर पर एक पोस्ट शेयर किया है और उनके अपने काम के प्रति समर्पण की तारीफ की है। इमरान हाशमी के सब्र और इंतजार के बारे में बताते हुए परवीन ने कैप्शन में लिखा- 'एमी (इमरान हाशमी) को आज यहां तक पहुंचने में 23 साल का



समय लग गया। 23 साल का सब्र, लगन, भरोसा, डेडिकेशन, और अनगिनत दुआएं और प्रार्थनाएं! एक तरफ कुछ शुक्रवार बहुत खुशी और कामयाबी लेकर आए तो कुछ शुक्रवार दिल तोड़ने वाले और निराशाजनक होते थे, लेकिन उन्होंने कभी आगे बढ़ना बंद नहीं किया। इन 23 सालों में वह लगातार कोशिश करते रहे, काम करते रहे। उन्हें यकीन था कि उन्हें उनकी मेहनत का फल एक दिन जरूर मिलेगा!! इंशाअल्लाह।' परवीन ने आगे लिखा- 'मैंने उन्हें अपने सभी प्रोजेक्ट्स में अपना जी-जान सब कुछ झोंकते देखा है।

एक्शन, कॉमेडी, ड्रामा, थ्रिलर से मिलेगा एंटरटेनमेंट का डबल डोज

21 से 28 अगस्त के बीच थिएटर में होगा इन फिल्मों का धमाका

नई दिल्ली। 21 से 28 अगस्त के बीच सिनेमा ऑडियंस को जबरदस्त सरप्राइज मिलने वाला है। थिएटर पर शानदार 7 फिल्में दस्तक देने वाली हैं। एक्शन, कॉमेडी, ड्रामा, थ्रिलर से भरी ये फिल्म थिएटर ऑडियंस के लिए एंटरटेनमेंट का डबल डोज लेकर आने वाली हैं। अगस्त के आने वाले दो हफ्ते सिनेमा लवर्स के लिए खास होने वाले हैं। आने वाले हफ्तों में इस साल की बेस्ट फिल्में बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देने वाली हैं। हिंदी से लेकर साउथ सिनेमा के एक्टर्स अपने फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज लाने वाले हैं। अगर आप आने वाले दिनों में मूवी का प्लान बना रहे हैं तो ये लिस्ट आपके लिए है।

भारत देश है मेरा

भारत देश है मेरा एक पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है जिसमें कश्मीर की पॉलिटिक्स को दिखाया जाएगा। खास बात ये है कि इस फिल्म में भजन सम्राट सिंगर अनुप जलोटा नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को आदर्श जैन ने डायरेक्ट किया है जो 21 अगस्त, शुक्रवार को थिएटर में रिलीज हो रही है। ये एक इंग्लिश फिल्म है जिसकी कहानी जेम्मा और उसकी बेटी के इर्दगिर्द घूमती है। जेम्मा अपने बचपन के घर में अपनी बेटी की परवरिश करती है और उसे पता चलता है कि उसके पास कुछ शक्तियां हैं। ये फिल्म 21 अगस्त को थिएटर में रिलीज हो रही है।

7 डॉग्स

7 डॉग्स नाम की एक अरेबिक फिल्म आने वाली है। इस फिल्म को हिंदी और इंग्लिश भाषा में भी देखा जा सकता है। खास बात ये है कि इस एक्शन अरेबिक फिल्म में सलमान खान और संजय दत्त जैसे एक्टर्स ने भी काम किया है। ट्रेलर में इन दोनों एक्टर्स की झलक देखी गई है। अब इस फिल्म का इंतजार हो रहा है। ये फिल्म 21 अगस्त को थिएटर में दस्तक देने वाली है।



टॉक्सिक : कन्नड़ सुपरस्टार यश की फिल्म टॉक्सिक का इंतजार लंबे समय से हो रहा है। इस फिल्म में एक्टर का एकदम अलग अवतार नजर आने वाला है। गीतू मोहनदास के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में नयनतारा, कियारा अडवानी, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी जैसी एक्ट्रेस नजर आने वाली हैं। फिल्म का इंतजार खत्म हुआ। फिल्म 26, बुधवार को थिएटर में दस्तक देने वाली है।

खतरनाक सफर हार्ड राइड


खतरनाक सफर हार्ड राइड एक ऑस्ट्रेलियाई फिल्म है जिसका असली नाम 'हार्ड राइड' है। ये एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है जिसकी कहानी अफगानिस्तानयुद्ध के तीन रिटायर्ड सैनकों के इर्दगिर्द घूमती है। फिल्म 21 अगस्त को रिलीज हो रही है।

खोसला का घोसला 2 : *साल 2006 में आई अनुपम खेर की फिल्म खोसला का घोसला को ऑडियंस ने पसंद किया था। अब इसका दूसरा पार्ट रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 28 अगस्त को रिलीज होगी।*

भोगी : *एक और पैन इंडिया फिल्म भोगी थिएटर में दस्तक देने वाली है। ये एक तेलुगू एक्शन फिल्म है जिसमें शारवानंद, अनुमपा परमेश्वरन ने लीड किरदार निभाया है। फिल्म 28 कअगस्त को रिलीज हो रही है।*

जीवन बीमा योजना : *अरशद वारसी अपनी डार्क क्राइम कॉमेडी थ्रिलर फिल्म जीवन बीमा योजना लेकर आए हैं। इस फिल्म को अभिषेक डोगरा ने डायरेक्ट किया है। वहीं अरशद वारसी ने पहली बार डबल रोल निभाया है। ये फिल्म 28 अगस्त की रिलीज हो रही है।*

खबर संक्षेप



वित्त मंत्री ओपी ने दी दीपक को बधाई

रायगढ़। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष दीपक महस्के को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय सोशल मीडिया संयोजक बनाये जाने पर वित्त मंत्री विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी ने हार्दिक बधाई देते हुए नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

गेरवानी शराब दुकान में फायरिंग, सुरक्षाकर्मी घायल

रायगढ़। गेरवानी स्थित शासकीय देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान में सोमवार रात पिस्टल से फायरिंग का मामला सामने आया है। गोली लगने से दुकान की सुरक्षा में तैनात प्राइवेट गार्ड घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पूंजीपथरा पुलिस, साइबर टीम, आबकारी विभाग और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार घायल गार्ड चन्द्रशेखर पटेल (43), निवासी कलगामुड़ा, उर्दना, ईगल हंटर सॉल्यूशन लिमिटेड के माध्यम से गेरवानी शराब दुकान में सुरक्षाकर्मी के रूप में तैनात है। उसकी ड्यूटी रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक थी। 17 अगस्त की रात करीब 10:30 बजे एक युवक शराब दुकान के सामने पहुंचा और अपने दोस्त के साथ गाली-गलौज व मारपीट की बात कहते हुए विवाद करने लगा। युवक ने चन्द्रशेखर को जान से मारने की धमकी दी और अचानक पिस्टलनुमा हथियार निकालकर फायर कर दिया। गोली गार्ड के पेट में लगी। घायल होने के बाद चन्द्रशेखर जान बचाने के लिए दुकान के आहाते के पीछे जाकर छिप गया और अपने साथियों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया है तथा फुटेज के आधार पर उसकी पतासाजी की जा रही है। घायल गार्ड की रिपोर्ट पर पूंजीपथरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने धारा 296, 351(3), 109(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाबा गुप्तेश्वर धाम में उमड़ रही भक्तों की भीड़

पुसौर। पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम कलमी स्थित बाबा गुप्तेश्वर धाम में इन दिनों श्रद्धालुओं की भीड बढ़ती जा रही है चूंकि श्रावण मास चल रहा है वहीं सोमवार को उक्त मंदिर में लोग आवश्यक रूप से पहुंते रहे हैं। ज्ञात हो कि मंदिर प्रबंधन श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था रखी रहती है बावजुद इसके कुछ विशेष श्रद्धालु अपने श्रद्धा भाव को अवगत कराने विशेष रूप से प्रसाद का व्यवस्था देते हैं जिसमें क्षेत्र के समाज सेवी सुरेन्द्र जेना सपत्निक अपने मित्र मंडलियों के साथ शामिल होकर आए हुए भक्त जनों के लिए बुंदी एवं खीर प्रसाद का व्यवस्था उपलब्ध कराया था। उक्त व्यवस्था से पहुंचे हुए लोगों ने इनकी खुब सराहना किया और इन्हें साधुवाद किया।

डीजल चोरी के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। हाईवे पर खड़े ट्रेलर एवं भारी वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह के दो और फरार आरोपियों को जूटमिल पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों अमलीभौना स्थित एचपी पेट्रोल पंप के सामने एनएच-49 किनारे एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिली थी। वाहन का चालक और उसमें सवार लोग मौके से फरार थे। जूटमिल पुलिस ने स्कॉर्पियो की तलाशी ली तो अंदर 10 लीटर डीजल से भरी प्लास्टिक जरिकेन, करीब 2 मीटर लंबा प्लास्टिक पाइप, दोनों तरफ नुकीला लोहे का सब्बल, दो मोबाइल तथा अलग-अलग रजिस्ट्रेशन नंबर वाली नंबर प्लेट मिलीं।

कलेक्टर ने दिया निर्देश गिरदावरी में न हो किसी तरह की गलती

शत प्रतिशत एवं त्रुटिरहित गिरदावरी के लिए अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं प्राइस सपोर्ट स्कीम पीएसएस के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए फसल गिरदावरी की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले में ई गिरदावरी डीसीएस कार्य की शत प्रतिशत पूर्णता एवं त्रुटिरहित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रवार जिम्मेदारी सौंपते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा आयुक्त, भू अभिलेख द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप जिले में ई गिरदावरी का कार्य ग्राम के चयनित सर्वेयरों द्वारा संबंधित हल्का पटवारियों से आबंटित खसरों में किया जा रहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने अपने आबंटित उपार्जन केन्द्रों से संबंधित ग्रामों में गिरदावरी कार्य की नियमित निगरानी करते हुए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्य पूर्ण कराएं।



सर्वेयरों की समीक्षा और सतत निगरानी पर जोर

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित अधिकारी अपने आबंटित क्षेत्र में कार्यरत ई गिरदावरी सर्वेयरों की कम से कम एक बार समीक्षा बैठक आयोजित करें। बैठक में गिरदावरी कार्य की प्रगति, निर्धारित प्रक्रिया और शासन के दिशा निर्देशों के पालन की समीक्षा की जाएगी।

ग्रामों में आकस्मिक निरीक्षण कर होगा भौतिक सत्यापन

आबंटित क्षेत्र के ग्रामों में अधिकारियों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान ई गिरदावरी में दर्ज फसल एवं अन्य संबंधित विवरणों का मौके पर भौतिक सत्यापन कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी।

त्रुटि या विसंगति मिलने पर तत्काल दे सूचना

भौतिक सत्यापन के दौरान ई गिरदावरी में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा विसंगति पाए जाने पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को तत्काल अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने कहा गया है कि ई गिरदावरी का कार्य शासन द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरूप ही संपादित हो।

धान खरीदी की व्यवस्था में गिरदावरी की शुद्धता महत्वपूर्ण

कलेक्टर ने कहा है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं प्राइस सपोर्ट स्कीम के सुचारू क्रियान्वयन में फसल गिरदावरी की सटीक जानकारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी गिरदावरी कार्य में आवश्यक सावधानी, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें।



शिक्षा व्यवस्था बदहाल, टपकती छत के नीचे पढ़ने को मजबूर नौनिहाल

जशपुरनगर। जिले के बगीचा विकासखंड से शिक्षा व्यवस्था की बदहाली की तस्वीर सामने आई है। यहां गम्हारकोना प्राथमिक शाला में बारिश के दौरान स्कूल भवन की छत से पानी टपकने के कारण नौनिहालों को परेशानी के बीच पढ़ाई करने को मजबूर होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बारिश के पानी से बच्चों और स्कूल के सामान को बचाने के लिए भवन की छत पर तिरपाल लगाया गया है। इसके बावजूद स्कूल भवन की हालत विद्यार्थियों की सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

स्कूल भवन से पानी टपकने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्कूल की जर्जर व्यवस्था और बारिश के दौरान बच्चों को होने वाली परेशानी साफ तौर पर दिखाई दे रही है। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को बेहतर और सुरक्षित माहौल में शिक्षा मिलना जरूरी है। ऐसे में स्कूल भवन की खराब स्थिति को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों से जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाने की मांग की जा रही है।

बिल्डिंग की छत पर तिरपाल लगाकर चलाया जा रहा काम
टपकती छत का कभी भी गिरने का खतरा

दावों पर उठे सवाल

गम्हारकोना प्राथमिक शाला की यह तस्वीर सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को लेकर किए जा रहे दावों पर भी सवाल खड़े करती है। अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग और प्रशासन इस मामले में कब तक कार्रवाई करते हैं और बच्चों को सुरक्षित स्कूल भवन उपलब्ध कराया जाता है।

पूर्वांचल में लहराया तिरंगा... वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा आसमान



रायगढ़। रायगढ़ पूर्वांचल के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों, स्कूलों और शासकीय अर्ध शासकीय संस्थानों में आजादी के 80वें वर्षगांठ पर आन बान शान से लहराया तिरंगा। सभी कार्यालयों में प्रातः 8 बजे झंडारोहण किया गया। ग्राम पंचायत महापल्ली के प्रांगण में सरपंच श्रीमती तपस्विनी किसान ने ध्वजारोहण किया तथा वंदे मातरम और राष्ट्र गान गाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सभी पंचों के अलावा गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। प्राथमिक विद्यालय महापल्ली के शाला प्रांगण में शाला विकास समिति के अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। वही प्रधान पाठिका श्रीमती भारती गुप्ता ने सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए आभार प्रकट किया। हेमसुंदर गुप्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महापल्ली के शाला प्रांगण में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टीकाराम प्रधान ने ध्वजारोहण किया।

ग्राम ढोरम में शिशु संरक्षण माह अभियान का शुभारंभ



घरघोड़ा। ग्राम पंचायत ढोरम में मंगलवार, 18 अगस्त को विकासखण्ड स्तरीय शिशु संरक्षण माह अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 18 अगस्त से 24 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य 5 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, नियमित टीकाकरण एवं समुचित विकास को सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसआर पैकरा, बीईटीओ विनोद एक्का, सेक्टर प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कया तरुनसेन भोय, पर्यवेक्षक सुनीराम राठिया, पर्यवेक्षक रोहित कुमार डनसेना, श्रीमती राधा डनसेना, श्रीमती ललिता कड़ियाम, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सरपंच ग्राम पंचायत ढोरम श्रीमती विमला भगत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को प्रत्येक 6 माह के अंतराल पर विटामिन। की खुराक अनिवार्य रूप से पिलाई जाएगी। वहीं 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को सप्ताह में दो बार आयरन सिरप दिए जाने के साथ बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की नियमित निगरानी की जाएगी। अभियान के दौरान बच्चों का नियमित टीकाकरण, टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों को आवश्यक टीके लगाना, 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन करनाए कुपोषित बच्चों की पहचान तथा गंभीर कुपोषित बच्चों को आवश्यकतानुसार पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर उपचार कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में अभिभावकों को जागरूक करते हुए बताया गया कि विटामिन। बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ाने, शरीर में रक्त निर्माण में सहायता, आंखों से संबंधित रोगों से बचाव तथा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



महिला संगठन ने उत्साह के साथ मनाया हरियाली तीज महोत्सव

बिलाईगढ़। महिला संगठनों द्वारा रविवार को हरियाली तीज उत्सव अत्यंत उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर के थाना के पास स्थित माँ समलाई मंदिर के देवांगन समाज भवन एवं गार्डन में महिला मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान भोले शंकर और माता पार्वती के चित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति रिवाजों का पालन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और हरियाली तीज के मधुर गीतों पर आकर्षक नृत्य व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उत्सव के दौरान सभी महिलाएं विशेष रूप से हरे रंग की साड़ी, हाथों में रचाई मेहंदी और हरे रंग की चूड़ियों से सुसज्जित नजर आईं। सावन की हरियाली, खुशियों की बहार के संदेश के साथ महिला मंडल द्वारा सावन के पारंपरिक झूले झूले गए। महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के खेलों, मनमोहक संगीत और स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया तथा एक दूसरे को तीज की बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख सदस्य इस भव्य आयोजन में पुनीता कर्ष, हिमानी देवांगन, पिंकी देवांगन, निशा सोनी, भारती देवांगन, दीक्षा देवांगन, निशा देवांगन, रचना अग्रवाल, सुनीता कर्ष सहित बड़ी संख्या में देवांगन समाज एवं स्थानीय महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रहीं।

नाजुक हाथों में अब होगी भारी वाहनों की स्टेरिंग, माइंस एरिया में दौड़ाएंगी गाड़ियां



रायगढ़। जिंदल पावर लिमिटेड द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक अभिनव पहल की जा रही है। क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें प्लांट और माइंस एरिया में भारी वाहन चलाने के लिए प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया गया है। इस प्रोजेक्ट को कंपनी प्रबंधन द्वारा आरोरण नाम दिया गया है। पहले चरण में क्षेत्र के विभिन्न गांवों की 15 महिलाओं व युवतियों का चयन किया गया है। उन्हें 30 दिनों के प्रशिक्षण के लिए मंगलवार को रायपुर रवाना किया गया।

जिंदल पॉवर लिमिटेड मैनेजमेंट का मानना है कि महिलाएं किसी क्षेत्र में पुरूषों से कम नहीं है। माइंस और प्लांट के अंदर भारी वाहन चलाने का काम अभी तक पुरूषों द्वारा ही किया जाता रहा है, आने वाले समय में महिलाएं भी ऐसे वाहन चला सकेंगी। इससे महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर भी होंगी। इस योजना के साथ जिंदल फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को इसके योग्य बनाने का निर्णय लिया गया है। चयनित महिलाओं को कार्यक्रम आयोजित कर मोटिवेट किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमडी प्रदीप्ता कुमार मिश्रा ने कहा कि आरोहण कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाना और उनमें निहित प्रतिभा और संभावनाओं को निखारना है। एमडी श्री मिश्रा ने कहा महिलाओं को कौशल विकास से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समाज के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

रायपुर में होगी एक महीने की ट्रेनिंग

सीएसआर के एजीएम राजेश रावत ने बताया कि आरोहण कार्यक्रम में गारे पेलमा 4/1, 4/2 एवं 3 तथा सेक्टर 1 बनाई भालूमुड़ा क्षेत्र में आने वाले प्रभावित गांवों कोसमपाली, सारसमाल, लिबरा, टपरंगा, जांजगीर, आमगांव, भालूमुड़ा क्षेत्र में सर्वे किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं व युवतियों ने इंटरेस्ट लिया। परिवार से सहमतिए पंचायतों से अनापत्ति सहित अन्य प्रक्रियाओं को पूरी करने के बाद इच्छुक महिलाओं का लर्निंग लाइसेंस बनवाया गया। मंगलवार को एलएमवी प्रशिक्षण के लिए रायपुर भेजा गया है। जहां ये महिलाएं 30 दिनों तक लाइट व्हीकल चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगीं।

सायबर जागरूकता को लेकर पुसौर के स्कूलों में हुए कार्यक्रम



पुसौर। पुसौर पुलिस और सायबर के संयुक्त टीम ने बीते सोमवार को पुसौर के अभिनव विद्यामंदिर, शासकीय उच्चतर विद्यालय, आदर्श स्कूल सहित अन्य स्कूलों में जाकर छात्रों के बीच एक कार्यक्रम आयोजित किया। उक्त कार्यक्रम में सायबर सेल रायगढ के उप निरीक्षक संजय नाद, प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह आरक्षक नवीन शुक्ला आरक्षक विकास प्रधान पुसौर से टीआई हर्षवर्धन सिंह, सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर नायक, आरक्षक दिलीप सिदार, आरक्षक आयुश देवांगन एवं उनके सहायक मौजुद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसी भी अनजान फोन काल अथवा विडियो काल को नहीं उठाना है, किसी भी गंभीर जानकारी को शेयर नहीं करना है, अनजान नंबर से आये विडीयो को डाउनलोड भी नहीं करना है चूंकि इनसे ही सामने वाला बेजा फायदा उठाता है और अपने झांसे में लेकर फरेब करता है।

भूमिका ने हासिल किया प्रथम स्थान, राहुल द्वितीय और मानसी टंडन रहे तृतीय स्थान पर



रायगढ़। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने क्षय रोग टीबी की रोकथाम, समय पर जांच एवं उपचार तथा टीबी मुक्त समाज के निर्माण का संदेश अपनी चित्रकारी के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं जीव विज्ञान संकाय की छात्रा कु. भूमिका साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं गणित संकाय के राहुल यादव ने द्वितीय तथा कक्षा 12वीं जीव विज्ञान संकाय की कु. मानसी टंडन ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीआर पटेल, डॉ. अहिल्या पंडा सहित विद्यालय के व्याख्याताओं एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

सामूहिकता को बढ़ावा देता है कुश्ती



पुसौर। कोई भी खेल चाहे खोखो, कबड्डी, कुश्ती, क्रिकेट आदि हो ये जहां सामूहिकता को बढावा देता है वहीं ये शारिरिक विकास के लिये भी कारगर सिद्ध होता है। उक्त कथन नगर उपाध्यक्ष उमेश साव ने स्व सीसी लाल श्रीवास्तव के स्मृति में नागपंचमी के अवसर पर आयोजित कुश्ती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। जानकारी के मुताबिक उक्त कार्यक्रम नगर पंचायत कार्यालय पुसौर में आयोजित हुई जिसमें 40 जोडी की संख्या में कुश्ती प्रतियोगिता हुआ। 40 जोडी अभिनव स्कूल, आर्य स्कूल, आदर्श एवं शासकीय स्कूल के विद्यार्थी रहे वहीं समूचे कार्यक्रम का आकर्षक पूर्व नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत एवं पूर्व शाला समिति अध्यक्ष हरिशंकर गुप्ता के बीच आयोजित कुश्ती का रहा। सम्मिलित अन्य अतिथि एवं कार्यक्रम को गति देने वालों में अक्षय कुमार सतपथी, अनिल यादव, अभिनव सतपथी, पार्षद मंगल साव व्रदीप यादव फगुलाल प्रधान शौकीलाल चौहान निराकार पटेल, सीएमओ ललित साहु, विजय महाणा भरत षडंगी, हेमांश गुप्ता निलेश महाणा ताराचंद गुप्ता, सुरेश महाणा रेफरी के रूप में पवन साव, राहुल वैष्णव विनोद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

शिक्षा और जनजागरूकता से जोड़ने आयोजित हुआ महाचौपाल

उल्लास महा चौपाल में गूंजा साक्षरता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शिक्षा और साक्षरता को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिलेभर में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत उल्लास महा चौपाल का आयोजन किया गया। राज्य स्तर से जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर के निर्देशन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखंडों में शैक्षणिक संस्थानों, विभागों, सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व को साक्षरता, शिक्षा और जनजागरूकता से जोड़ते हुए आयोजित महा चौपाल में नवसाक्षरों, स्वयंसेवी शिक्षकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम





के माध्यम से लोगों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए नवसाक्षरों को सीखने की प्रक्रिया निरंतर जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया।

मशाल रैली से लेकर रंगोली तक

उल्लास महा चौपाल के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर अनेक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। शैक्षणिक संस्थानों एवं सहभागी संस्थाओं द्वारा नारा लेखन, मशाल रैली, मोबाइल टॉर्च रैली, उल्लास शपथ, सेल्फी प्वाइंट, कहानी वाचन, रंगोली निर्माण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से साक्षरता के महत्व को रोचक एवं प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचाया गया। रैलियों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि पढ़ना लिखना केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति की मजबूत आधारशिला है।

